तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 16. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 1 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



अधिवक्ता संघ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठा सरकार को दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

2




## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय एकदिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता आज

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शतरंज प्रतिभाओं को नया मंच देने के उद्देश्य से रविवार 1 फरवरी को अंडर-19 राज्य स्तरीय एक दिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता को डीबी वेंचर्स (धीरेंद्र बाजपेयी ग्रुप) एवं जिला शतरंज संघ जांजगीर चांपा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन हरियाली हेरिटेज नेताजी चौक अकलतरा रोड जांजगीर में किया जाएगा, जहां प्रदेशभर से उभरते शतरंज खिलाड़ी अपनी बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष देवेंद्र राठौर एवं उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता तीन वर्ग मे संपन्न होगा जिसमे अंडर-10, अंडर-15 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएं भाग लेंगे। सभी वर्गों में बालक-बालिकाएं एक साथ मुकाबला करेंगे, जबकि पुरस्कार पृथक-पृथक प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 9 बजे किया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह सायं 5 बजे आयोजित किया जाएगा।

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

अकलतरा। भवानी जन सेवा समिति अकलतरा के तत्वावधान में सर्व समाज के लिए 11वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार 1 फरवरी को किया जा रहा है। यह शिविर डॉ. हरिकृष्ण मुकीम हॉस्पिटल, श्री पंचदेव मंदिर परिसर में आयोजित होगा। नेत्र चिकित्सा शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में नेत्र परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यकतानुसार आगे के उपचार की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। समिति द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंद, बुजुर्ग एवं कमजोर दृष्टि से पीड़ित नागरिकों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।

### किकिरदा में बाबा गुरु घासीदास जयंती आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा में अंबेडकर चौक के पास तीन दिवसीय संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन रविवार 1 फरवरी को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में ननकीदाऊ डहरिया ने बताया कि 1 फरवरी रविवार को संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन रखा गया है। व्यास आचार्य नेतराम खूंटे और मालिक राम अजगल्ले होंगे। यह कार्यक्रम लगातार तीन दिनों तक चलेगा, जिसका समापन मंगलवार 3 फरवरी को होगा। आगंतुक पंथी पार्टी के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि इनाम स्वरूप दिया जाएगा। मोहल्ले वासियों के द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

पुलिस ने रेस्क्यू करके उतारा और भेज दिया जेल

# कर्ज में डूबा किसान, नहीं बेच पाया धान तो चढ़ गया हाईटेंशन टावर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हुआ किसान हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। शुक्र है टावर लाइन में विद्युत प्रवाहित नहीं था। टावर पर चढ़ा किसान शासन-प्रशासन को कोसते हुए टोकन नहीं कटने पर जान देने की बातें करता रहा। इस बीच पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद उसे रेस्क्यू करके नीचे उतारा। मामले में पुलिस ने उसे खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध कायम किया और उसे जेल भेज दिया।

शनिवार 31 जनवरी को जिले के जांजगीर थाना अंतर्गत ग्राम कसौंदी निवासी किसान अनिल गढ़ेवाल पिता रामदयाल गढ़ेवाल उम्र 38 वर्ष हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। काफी ऊंचाई में चढ़ने के बाद वह शासन-प्रशासन को कोसने लगा। उसकी आवजें सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उपस्थित लोगों ने उसे उतरने के लिए कहा, लेकिन उसका कहना था कि वह कर्ज में डूबा हुआ है। तकरीबन डेढ़ लाख का कर्जा है उसका पूरा धान नहीं बिका है। 4 एकड़ पंजीकृत रकबा में उसका पूरा टोकन नहीं कटा। ऐसी स्थिति में आर्थिक और मानसिक परेशानी से जूझते हुए उसने टावर से कूदकर जान देने का निश्चय किया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ जांजगीर तहसीलदार और विभागीय अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों को देखकर वह और भी भड़क उठा। उसने अधिकारियों को भी जमकर खरी खोटी सुनाई और धान बेचने के लिए टोकन जारी करने की बात कहते हुए टोकन नहीं मिलने पर टावर से छलांग लगाकर जान देने की धमकी देने लगा। इस तरह की स्थिति को देखते हुए अफसरों ने उसे समझाइश दी और रेस्क्यू करके तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे किसी तरह टावर से नीचे उतारा। इधर इस मामले में पुलिस ने अनिल गढ़ेवाल के खिलाफ लोक सेवक को क्षति कारित करने की धमकी देने के अपराध में धारा 224, लोक सेवक को विधि विपरीत कार्य करने के लिए विवश करने के आरोप में धारा 226, सार्वजनिक स्थान पर गाली गालैज करने के आरोप धारा 296 और आत्म हत्या करने की धमकी देकर भयभीत करने के आरोप में धारा 308 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



हाईटेंशन टावर पर चढ़ा युवक और नीचे जुटी लोगों की भीड़।

### दर्ज किए हैं मामला

टोकन नहीं कटने के कारण हाईटेंशन टावर पर चढ़ने वाले किसान को तीन घंटे की रेस्क्यू के बाद नीचे उतारा गया। उसके खिलाफ लोक सेवक को धमकाकर विधि विरुद्ध कार्य के लिए दबाव बनाने, आत्म हत्या की धमकी देने और गाली गलौज करने का मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उसे रिमांड पर जेल भेजे है।

-जे.पी. गुप्ता,
थाना प्रभारी जांजगीर

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

हसौद–डभरा मार्ग पर मंडी चौक के पास की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने घटनाकारित वाहन को जब्त करके अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। मामला हसौद थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 31 जनवरी को जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गलगलाडीह निवासी सुखीदास मानिकपुरी 45 वर्ष एवं सुनील दास 35 वर्ष पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 सी 1664 से धमनी की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब 1 बजे वे हसौद–डभरा मुख्य मार्ग पर मंडी चौक, साहू लॉज के पास पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमबी 5529 ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सुखीदास मानिकपुरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सुनील दास गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने डायल 112 को कॉल किया। फिर 112 की मदद से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद लाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। दूसरी ओर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करवाया तत्पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया। बहरहाल हसौद पुलिस ने दुर्घटनाकारी ट्रक को जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(ए) एवं 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।





घायल को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी।

### हादसे का सीसीटीवी फुटेज वायरल

साहू लॉज के पास हुए इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फुटेज में मोटरसाइकिल सवार अपनी दिशा में सही तरीके से चलते दिखाई दे रहे हैं, जबकि ट्रक चालक लापरवाहीपूर्वक ओवरटेक करते हुए बाइक को टक्कर मारता नजर आ रहा है। वीडियो में चालक की स्पष्ट लापरवाही सामने आई है।

# व्यावसायिक काम्पलेक्स निर्माण व आबंटन में मनमानी पार्षदों ने खोला मोर्चा, कलेक्टर से हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

नगर पंचायत राहौद में बहुचर्चित व्यापार काम्प्लेक्स निर्माण को लेकर नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष और पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इसके आबंटन और निर्माण पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की है। कलेक्टर के नाम दिए गए शिकायत पत्र में नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष परम कुर्रे, पार्षदों व विधायक प्रतिनिधि ने कहा है कि नपं राहौद के मुख्य मार्ग आम बाजार के पास नपं का व्यवसायिक काम्पलेक्स है। उक्त ऊपर इन दिनों निर्माझा कार्य चल रहा है। उनका आरोप है कि भूतल प्रथम के 16 व निर्माणाधीन प्रथम तल के 16 दुकानों को अवैधानिक रूप से 2 करोड़ रुपए में बेच दिया गय है और निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने शिकायत में यह भी कहा है कि आम बाजार के सामने शिवरीनारायण -बिलासपुर मार्ग पर करोड़ों के नगर पंचायत अधिनस्थ शासकीय व्यापार काम्प्लेक्स में प्रथम तल स्थिति सोलह दुकानें पूर्व से व्यापारियों को आंबटित था। जिसका किराया नपं को प्राप्त हो रहा है। उपरोक्त दुकानों का अनुबंध 2025-16 से समाप्त हो चुका है,जो कि नियम के विपरित व्यापारियों से आज तक अवैध रुप से व कम राशि किराया लिया जा रहा है। इसी बीच काम्प्लेक्स के उपर छत में पुनः दुकान निर्माण देखने पर उन्होंने आपत्ति की और सही जानकारी भी नहीं दी जा रही है। इस दौरान बीते 14 जनवरी को निर्माण कार्य रोकवाने व दुकान निलामी से प्राप्त राशि की जानकारी मांगने पर नहीं दी गई। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए शिकायतकर्ताओंने जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

### खास बात

- नगर पंचायत राहौद का मामला



शिकायत लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे नेता प्रतिपक्ष व पार्षद।

### शिकायत निराधार

दुकानों के जर्जर होने व सीपेज की समस्या को देखते हुए व्यापारी उसे बनवा रहे है। आपत्ति के बाद परिषद की बैठक में मामला रखा गया था, लेकिन बहिष्कार कर दिया गया। व्यापारी पहले से काबिज है तो अवैध नहीं हो सकता। रही बात 2 करोड़ में बेचने की तो यह पूरी तरह से निराधार और तथ्यहीन शिकायतें है।

- भगवती प्रसाद ध्रुव,
सीएमओ नगर पंचायत राहौद

# पिकअप ने छात्र को रौंदा, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**जांजगीर चांपा।** तेज रफ्तार पिकअप ने सायकल को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में 14 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई। वही पिकअप सड़क किनारे पलट गई, जिससे वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। घटना बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बुचीहरदी की है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार बुची हरदी निवासी रामशंकर यादव का 14 वर्षीय पुत्र आयुष यादव स्कूल से आने के बाद दोस्त के साथ सायकल से क्रिकेट खेलने जाने निकला था। इस दौरान नीलकंठ पेट्रोल पंप के पहले बलौदा से अकलतरा की ओर आ रही तेज रफ्तार पिकअप उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में उसे गंभीर रूप से चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही पिकअप वाहन भी सड़क में लहराते हुए सड़क किनारे जाकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। चेचिस से पूरा डाल टूट कर बिखर गया। इधर हादसे के बाद परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार को समझाइश देते हुए 25 हजार रुपए सहायता राशि दी गई।



शव के पास विलाप करते परिजन।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंध समिति का निर्वाचन 16 को

**सक्ती।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा सक्ती की प्रबंध समिति के सदस्यों का निर्वाचन 16 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न होगी। सीएमएचओ डॉ पूजा अग्रवाल द्वारा जिला शाखा सक्ती अंतर्गत आयोजित इस निर्वाचन कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के सभी सदस्यों से अनिवार्य उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने अपील की गई है।

श्रद्धालु महानदी, जोंक और शिवनाथ नदी के संगम में लगाएंगे डुबकी

# भुईयां नापते पहुंचे श्रद्धालु, शिवरीनारायण का माघी मेला आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण का माघी पूर्णिमा मेला रविवार 1 फरवरी से प्रारंभ होगा। श्रद्धा और भक्ति लिए हजारों श्रद्धालु महानदी जोंक और शिवनाथ नदी के संगम में डुबकी लगाएंगे। इसके लिए दूर-दराज से लोगों का आना शुरू हो गया है, वहीं श्रद्धालु लोट मारते शबरी के धाम में पहुंचे। इधर मेला के लिए शिवरीनारायण भव्य रुप से सज गया है। बर्तन, फल, कपड़े व सभी सामग्रियों की दुकानें लग चुकी है।

चित्रोतला गंगा नदी के तट पर बसे नर-नारायण की नगरी शिवरीनारायण में प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के दिन से 15 दिवसीय मेला लगता है जो महाशिवरात्रि तक चलता है। मेले के संबंध में लोगों की मान्यता है कि माघी पूर्णिमा के दिन जगन्नाथ पुरी से शिवरीनारायण में आकर भगवान विराजमान होते हैं और इसीलिए पुरी में भगवान जगन्नाथ मंदिर का द्वार एक दिन बंद रहता है। इस दिन वहां भोग नहीं लगता। मेले में आसपास के गांव सहित दूर दराज के तथा उड़ीसा प्रांत के श्रद्धालु व व्यापारी यहां आते हैं। पंद्रह दिन तक चलने वाले इस मेले में व्यापारियों की खूब कमाई होती है वहीं ग्रामीणजन शादी ब्याह के लिए खरीददारी भी यहीं से करते हैं। माघी पूर्णिमा के दिन ब्रम्ह मुहुर्त में श्रद्धालु हजारों की तादाद में महानदी जोंक और शिवनाथ नदी के संगम में डुबकी लगाते हैं, जिसको लेकर लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालु लोट मारते शिवरीनारायण पहुंच रहे हैं। ऐसी मान्यता है कि जो माघी पूर्णिमा को लोट मारते भगवान के मंदिर में पहुंचते हैं उनकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



भुईयां नापते शबरीधाम जाते श्रद्धालु एवं लगा मेला।







## ‘फौजी’ की रिलीज डेट खिसकी आगे

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म ‘फौजी’ को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ‘फौजी’ को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। ‘फौजी’ की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

लाइफ Style

# भूमि
## शेयर किया भावुक नोट

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज ‘दलदल’ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, ‘पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।’

भूमि ने आगे लिखा, ‘सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। ‘दलदल’ उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।’ सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।



हॉलीवुड मसाला



## मार्गोट ने पहना ‘ताजमहल डायमंड’ नेकलेस

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म ‘वुथरिंग हाइट्स’ के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके ‘ताज महल डायमंड’ नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का ‘ताज महल डायमंड’ नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में ‘क्लियोपेट्रा’ फिल्म के सेट पर हुई थी।




## अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।




## द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म ‘द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड’ का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई ‘द केरल स्टोरी’ का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। ‘द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड’ का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।



## ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।


## ‘शतक’ का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म ‘शतक’ का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न




समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत ‘भगवा है अपनी पहचान’ लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

## रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया




**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-’डोंट बी शाय’ है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- ‘क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।’ दरअसल, ‘यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।’ आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, ‘वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने’, फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, ‘अब तक की सबसे प्यारी घोषणा’, एक फैन ने लिखा, ‘आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है’, दूसरे फैन ने लिखा, ‘यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।’ बता दें कि आलिया भट्ट ‘लव एंड वॉर’ में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

## मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म ‘दृश्यम 3’ को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।’

श्रिया ने कहा ‘मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।’ बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म ‘इष्टम’ से डेब्यू किया। वह ‘छत्रपति’, ‘शिवाजी’, ‘पोक्किरी राजा’ और ‘मनम’ जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर ‘दृश्यम’ फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज ‘स्पेस जेन: चंद्रयान’ में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में ‘दृश्यम 3’ में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

टीवी मसाला

## जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं। जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, “फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।



### खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो ‘मर्दानी 3’

## रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की ‘मर्दानी 3’ आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*‘मर्दानी’ की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद ‘अम्मा’ के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।

## खबर संक्षेप

### मृत व्यक्ति की याद को जीवंत बनाए रखने लगाए जा रहे पौधे



**कोसला-पामगढ़।** प्रकृति को हरा-भरा बनाए रखने तथा मृत व्यक्ति की याद को जीवंत बनाए जाने के उद्देश्य से कोसला धाम में 'एक पेड़ मृतात्मा के नाम के नाम से नवाचार लागू किया गया है,जिसमें गुरुवार को गांव में एक बालक की अकास्मिक निधन होने पर गांव के बंधवा तालाब किनारे मुक्ती धाम में समाज सेवियों ने मृत बालक के परिवार जनों के साथ पीपल तथा बरगद के वृक्ष रोपित किए और सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड से घेराव भी किया गया। गांव के लोगों ने बताया कि 'कोसला धाम में आज से इस नई परंपरा की शुरुआत की गई है, जिसके तहत गांव में किसी भी व्यक्ति के आकस्मिक निधन हो जाने पर समाजसेवी तथा मृतक के परिवार जनों द्वारा मिलकर एक पेड़ मृतात्मा के नाम पर पौधरोपण कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर मृतक के पिता ईषाराम कश्यप, ब्यास वर्मा (पूर्व मंडल अध्यक्ष), देवकुमार साहू पूर्व सरपंच, गौरव तिवारी, नागेश कश्यप, कौशल कश्यप, धनंजय वर्मा, राजू कंवर, बल्ला यादव, चंदराम कश्यप, कमलेश, आशीष, सुखी राम परिवार जन व समाजसेवी मौजूद रहे।

### शारदा संगीत विद्यालय में विदाई समारोह आज

**बिर्रा।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के अधीनस्थ शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा के संगीत विद अंतिम वर्ष के विद्यार्थी का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में 1 फरवरी रविवार को दोपहर 12 बजे आचार्य श्री कृष्णोलाल साहू के नेतृत्व में मनाया जाएगा। इस संबंध में शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा के संचालक मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि इस विदाई समारोह कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी अपने वरिष्ठ को विदाई देंगें । इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप मणिलाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेसी एवं सामाजिक कार्यकर्ता, एकादशियां साहू सरपंच प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। इस आयोजन को लेकर कृष्णोलाल साहू , सृष्टि कश्यप,सुष्मिता पटेल , त्रिशाला महंत ,जयेश कश्यप,भूपेंद्र कश्यप ,हिमेश कश्यप आदि के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### पुटपुरा में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पुटपुरा के स्कूल चौक भांठापारा में पानी टंकी के पास ब्रदर्स इलेवन एवं ग्रामवासियों द्वारा 1 फरवरी से रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 50 हजार 505 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 20 हजार 202 विजेता टीम को दिया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट बेस्टमेमन को 1101 रुपए, बेस्ट बॉलर को 1101 रुपए प्रदान किय जाएगा।

### अभिषेक मिश्रा बने आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

**अकलतरा।** आम आदमी पार्टी संगठन ने प्रदेश स्तर पर एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लेते



हुए नगर के सक्रिय एवं अनुभवी नेता अभिषेक मिश्रा को पार्टी का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक एवं प्रदेश सहप्रभारी मुकेश अहलावत की अनुशंसा पर की गई है।उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी की स्थापना वर्ष 2012 में हुई थी और तभी से अभिषेक मिश्रा पार्टी से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, निरंतर सक्रियता और मजबूत कार्यशैली को देखते हुए उन्हें समय-समय पर विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए। वे पूर्व में विधानसभा सचिव, विधानसभा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, प्रदेश संगठन मंत्री तथा प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे अहम पदों पर रहकर संगठन को मजबूती प्रदान कर चुके हैं।अभिषेक मिश्रा को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और हर्ष का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा आम आदमी पार्टी की नीतियों और जनसरोकारों को जन-जन तक पहुंचाने में नई ऊर्जा मिलेगी। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

### विद्यार्थियों ने क्रोकोडायल पार्क व कानन पेंडारी का किया शैक्षणिक भ्रमण

**बेल्हाडीह-जेठा।** ग्राम लवसरा के एच. आर. जी. स्मृति हायर सेकेंडरी स्कूल लवसरा के विद्यार्थियों ने क्रोकोडायल पार्क (कोटमी सोनार ) कानन पेंडारी एवं वंडर वर्ल्ड के साथ अजूबों का बिलासपुर के मनोरम उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण किया। कोटमी सोनार मे साइंस पार्क का तथा प्रोजेक्टर युक्त ऑडिटोरियम आकर्षण का केंद्र रहा वही कानन पेंडारी में छात्र-छात्राओं ने लगभग 281 एकड़ मे फैला चिड़ियाघर और 50 से अधिक प्रजातियों के वन्य जीव और पक्षियों के घर को देखा जो की प्राकृतिक हरियाली के बीच घूमने का बेहतरीन अनुभव देता है। इस दौरान संस्था के संचालक आकाश साहू, शिक्षक शुभम केवट, कृष्णकांत गोंड विकास साहू, शिक्षिका कु. चंद्रानी साहू, श्रीमती जागृति साहू, कु.गीतिका बरेठ, कु. धनेश्वरी यादव, कु ईश्वरी बरेठ, कु. संध्या यादव, श्रीमती रामकुवर, भूपेंद्र साहू उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन, विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

# यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटना पर पा सकते हैं प्रभावी नियंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी 6 तक 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जिले में माहभर सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न स्तरों पर नुक्कड़ नाटक, गीत, भाषण, कविता, रंगोली एवं चित्रकला जैसी प्रतियोगिताएं स्कूलों में आयोजित की गईं। साथ ही यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता रैली, स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर तथा लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

शनिवार 31 जनवरी को कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय की उपस्थिति में जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने नागरिकों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका अत्यंत






कलेक्टर एवं एसपी ने विजेताओं को किया पुरस्कृत।

महत्वपूर्ण है। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का नियमित उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाना तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना जैसे छोटे-छोटे कदम बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा उपायों को अपने जीवन में अपनाने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि का प्रमुख कारण यातायात नियमों की अनदेखी और लापरवाही है। नियमों का पालन कर ही हम दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पा सकते हैं और अनमोल जीवन की रक्षा कर सकते हैं। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति उपस्थितो जागरूक किया। इस अवसर पर विभिन्न स्तरों पर आयोजित नुक्कड़ नाटक, गीत, भाषण, कविता, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सुरक्षा मितानों को सुरक्षा किट प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दीपक यादव ने किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## शिवरीनारायण मठ में श्रद्धा- भक्ति पूर्वक मनाया गया गद्दी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

भगवान श्री शिवरीनारायण की पावन धारा में गद्दी महोत्सव का पर्व श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज शनिवार की शाम 5:30 बजे श्री शिवरीनारायण मठ पहुंचे। यहां पूर्व से ही प्रतीक्षारत श्रद्धालु भक्त गण बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत करते हुए उन्हें मठ तक ले गये। शाम 6 वे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री शिवरीनारायण मठ में विराजित देवी- देवताओं का दर्शन पूजन करते हुए कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हुए। विधि पूर्वक हवन - पूजन संपन्न होने के उपरांत गद्दी स्थल की सात परिक्रमा पूर्ण करके वे आसन पर विराजित हुए, तत्पश्चात जगदीश मंदिर के पुजारी त्यागी जी महाराज ने तिलक लगाकर, आरती करके शाल, श्रीफल, द्रव्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद मुख्तियार सुखराम दास महाराज ने सपरिवार पूजा अर्चना की और फिर सभी संत -महात्माओं ने तथा भगवान नर- नारायण मंदिर के पुजारी परिवार सहित नगर एवं दूर दराज के क्षेत्र से आए हुए श्रद्धालु भक्तों ने बारी- बारी से महाराज का अभिषेक करते हुए दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राजेश्री महन्त बाजे-गाजे एवं श्रद्धालु भक्तों के साथ भगवान शिवरीनारायण के दरबार में उपस्थित हुए। उन्होंने भगवान की विधि पूर्वक पूजार्चना करके संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामनाएं की। इसके पश्चात भगवान चंद्रचूड़ महादेव, राम-जानकी मंदिर, पूर्वाचार्यों की चरण पादुका स्थली, जगदीश मंदिर, तुलसी चौरा, मठ में विराजित महादेव, लंका दहन हनुमान जी आदि स्थानों का दर्शन- पूजन कर मठ में विराजित हुए। महोत्सव में श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

- महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त ने भगवान शिवरीनारायण से विश्व कल्याण की कामना

### विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप के सतत प्रयासों से जिले के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों में अहाता सह गेट निर्माण एवं पुलिया निर्माण के लिए 1 करोड़ 11 लाख रूपये राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक ब्यास कश्यप ने लंबे समय से धान खरीदी के दौरान उपार्जन केन्द्रों में अव्यवस्था, खुले परिसर, अनाधिकृत प्रवेश एवं सुरक्षा संबंधी समस्याओं का मुद्दा उठाया था। उन्होंने संबंधित विभाग एवं शासन स्तर पर लगातार बैठकों एवं पत्राचार के माध्यम से समस्याओं से अवगत कराते हुए अहाता सह गेट निर्माण कार्य की मांगों को रेखांकित किया था। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के द्वारा मंडी निधि से धान उपार्जन केन्द्रों में अहाता सह गेट निर्माण एवं पुलिया निर्माण के लिए 1 करोड़ 11 लाख रूपये राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। धान उपार्जन केन्द्र पिसौद में अहाता सह गेट निर्माण कार्य के लिए 18.24 लाख, धान उपार्जन केन्द्र किरीत में अहाता सह गेट निर्माण कार्य के लिए 18.24 लाख, धान उपार्जन केन्द्र घुठिया में अहाता सह गेट निर्माण कार्य के लिए 18.24 लाख, धान उपार्जन केन्द्र बुड़ेना में अहाता सह गेट निर्माण के लिए 18.24 लाख, धान उपार्जन केन्द्र सेमरा में अहाता सह गेट निर्माण के लिए 18.24 लाख, ग्राम सिउंड़ से चोरभट्ठी के मध्यम कोकड़ी नाला में पुल निर्माण के लिए 19.80 लाख रूपये की स्वीकृति मंडी निधि से प्रदान की गई है।



## आग से निपटने पालिका ने की पुख्ता व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के आग्रह पर वंदना इंडस्ट्रीज के द्वारा वार्डों में गर्मी के मौसम में छोटे-छोटे सकरी गलियों में आगजनी को समय पर रहते हुए काबू पाया जा सके इसके लिए शीघ्र पहुंचाने वाले ट्रैक्टर टेंकर 5 हजार छमता वाले अग्निशामक यंत्र (फायर/दमकल वाहन) क्रय किया गया। जिसका नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल व पालिका अधिकारी के द्वारा विधि विधान से पूजन कर लोकार्पण किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने बताया नागरिकों की सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अग्निशामक यंत्र/वाहन से शहरी क्षेत्रों में आगजनी की घटनाओं पर तत्काल काबू पाने और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस दमकल से वार्डो के सकरी सड़कों पर पहुंच कर इस दमकल वाहन से 3 मंजील मकान तक आग पर काबू पाया जा सकता है। नगर में कई ऐसे सकरे वार्ड रहते है जहां तक फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पाता और छोटी आगजनी बड़ा रूप ले लेती है। इस सभी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के आग्रह पर नगर के वंदना इंडस्ट्रीज के द्वारा ट्रैक्टर दमकल वाहन में आधुनिक मशीन लगाकर बताया जिसकी क्षमता तीन मंजिला मकान तक आज में काबू पाने की है, जिस पर नगर पालिका के द्वारा इसे क्रय किया गया। श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा बहुत ही अच्छे मशीन के माध्यम से टैंकर दमकल 5000 लीटर क्षमता का बनाया गया है जो सकरे गलियों में पहुंचकर भी आग पर काबू पाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर के सभी वार्ड पार्षद अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

- आधुनिक मशीन लगा टैंकर का हुआ लोकार्पण, सकरे गलियों में पहुंचकर भी आग पर पाया जा सकेगा काबू



आधुनिक मशीन लगा टैंकर का लोकार्पण करते पालिकाध्यक्ष एवं नगरपालिका के अधिकारी।

### पांच दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**अकलतरा।** संचालक आयुष छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष तरौद के द्वारा ग्राम रोगदा में पांच दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 27 जनवरी से 31 जनवरी तक किया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक राजेश टांडे के द्वारा प्राणायाम एवं योग के विभिन्न आसनों का प्रशिक्षण प्रातः काल 6 से 8 बजे तक दिया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा सूर्य नमस्कार, सुक्ष्म व्यायाम ,कपाल भांति, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, आसन, त्रिकोण आसन, मंडूकासन, शशांक आसन,गौमुख आसन,अर्धमत्स्येंद्र आसन, आदि का प्रशिक्षण दिया गया, एवं इसके होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया गया। योग प्रशिक्षण शिविर में ग्राम के सरपंच उप सरपंच पंच गण स्कूल के शिक्षक एवं बालक बालिकाएं व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन योग का लाभ प्राप्त किया।



## किसानों की मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आम आदमी पार्टी ने किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर सक्ती के कचहरी चौक पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। सक्ती जिला अध्यक्ष ईश्वर साहू ने कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता के खिलाफ एक के बाद एक नए नए षड्यंत्र कर आत्महत्या के लिए मज़बूर कर रही है। सरकार ने घोषणा की थी कि धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू की जायेगी,लेकिन सबको पता हैं कि सरकार ने लेट कर धान खरीदी कहीं पर 17 तारीख कहीं पर 18 तारीख और कई जगह तो 25 नवम्बर से खरीदी चालू की। अब धान खरीदी 29 जनवरी को बंद कर रहे हैं जबकि सरकार ने 31 जनवरी तक धान खरीदने की बात कही थी, जो की अपनी बात से ही मुकर रही है। सरकार ने साजिश के तहत लाखों छोटे किसानों का जबरदस्ती रकबा समर्पण करवा रही है। वहीं कुछ किसानों को आज तक टोकन नहीं मिला है ना ऑनलाइन, ना ऑफलाइन। जो छोटे किसान थे उन्हें 1 टोकन, जो मीडियम किसान थे उन्हें 2 टोकन और बड़े किसानों को 3 टोकन दिया गया बावजूद इसके आज भी किसान अपनी पूरी धान नहीं बेंच पा रहें हैं। धान खरीदी केंद्र की प्रतिदिन लिमिट को सरकार ने इस बार कम कर दिया था जिससे किसान सिर्फ लाइन लगाकर अपना इंतजार करते परेशान ही दिखे। छत्तीसगढ़ में लगभग 15 प्रतिशत किसान धान बेचने से वंचित रह चुके हैं और जो किसानों ने कर्ज लिया है उसे वह कैसे चुकायेगा इसलिए अब प्रदेश के किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने धान खरीदी की तारीख 28 फरवरी तक करने की मांग की। इस मौके पर लोकसभा उपाध्यक्ष टिकेश्वर चंद्रा, ईश्वर साहू जिला अध्यक्ष आप सक्ती, जिला उपाध्यक्ष रोहित यादव, जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह, जिला सचिव मन्नू महंत,जिला अध्यक्ष यूथ अजय मनहर,जिला अध्यक्ष महिला विंग बसंती खांडे, जिला उपाध्यक्ष अशोक खांडे,दिलेश्वर यादव, लवीश धीरहे,कोमल प्रसाद, निरंजन, तेजबहादुर, अरविंद सतनामी,राणा प्रताप, शांति सोनवानी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- 28 फरवरी तक किसानों का धान खरीदने करने की मांग




विरोध प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

## वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़-ससहा

शासकीय प्राथमिक शाला मौहारपारा ससहा में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत ससहा के सरपंच श्रीमती कुसुम उत्तरा साहू, उपसरपंच बुधराम साहू, जनपद सभापति जय कुमार साहू, पंचायत प्रतिनिधि एवं विकासखंड के बीआरसीसी डी. के. भर्तिहरि एवं फेडरेशन के अध्यक्ष अजय कुमार मधुकर, श्री लहरे, वाई साहू उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सब को मोहित किया। वार्षिक उत्सव में उल्लास परीक्षा में सम्मिलित शिक्षार्थी एवं प्रशिक्षार्थी को उनकी उपलब्धि पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रशिक्षक प्रेरक शिक्षिका के रूप में रानू भारती साहू जिन्होंने इस उल्लास कार्यक्रम में अपनी विशेष सहभागिता निभाई, जिनका भी सम्मान किया गया। इसी कड़ी में विद्यालय परिवार की ओर से विशेष पुरस्कार दिया गया, जिसमें गांव से अच्छी उपलब्धि हासिल करने में अपनी अहम भूमिका निभाई, जिनमें सीआरपीएफ में आकाश साहू जो वर्तमान में ससहा सरपंच के सुपुत्र हैं एवं बीएसएफ में वीणा साहू जो कि प्रधान पाठक राजेंद्र कुमार साहू की सुपुत्री हैं। उन्हें विद्यालय परिवार की ओर से मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया। इनके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी विशेष पुरस्कार दिया गया। अंत में के. साहू सर के उद्बोधन के पश्चात समापन किया गया।



सम्मानित करते अतिथि।

## पुण्य तिथि पर महात्मा गांधी को अर्पित की पुष्पांजलि

**बम्हनीडीह।** नगर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक गरिमामय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू और कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को याद किया। विधायक बालेश्वर साहू ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के विचार आज भी समाज के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं जितने आजादी की लड़ाई के समय थे। उन्होंने बापू के बताए मार्ग पर चलते हुए क्षेत्र के विकास और जनसेवा का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम के दौरान पूर्व जनपद उपाध्यक्ष संतोष बालू जायसवाल और विधायक प्रतिनिधि रामराज्य पाण्डेय ने भी बापू के बलिदान को रेखांकित करते हुए उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की बात कही। रेस्ट हाउस परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में संतन महंत, पवन अजगल्ले, मयंक वस्त्रकार और ठाकुर सिंह चंद्रभास सहित अनेक कांग्रेस नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही विनोद खूंटे, महेंद्र कर्ष और उमा शंकर पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की याद में मौन धारण कर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का प्रण लिया। इस अवसर पर पूरे परिसर में बापू के प्रिय भजनों की गूंज रही और कार्यकर्ताओं ने बापू अमर रहें के नारों के साथ अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



*जांजगीर। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह जनवरी 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग = | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जनवरी 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 फरवरी 2026 तक जमा करें।


प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ , जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST )
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411